'MAHASAGAR' का तीसरा संस्करण

स्रोत: पी.आई.बी

हाल ही में भारतीय नौसेना की प्रमुख पहल **MAHASAGAR का तीसरा संस्करण**, हिंद महासागर क्षेत्र के तटीय क्षेत्रों के बीच वर्चुअल इंटरेक्शन के लिये आयोजित किया गया था।

- **MAHASAGAR** (**M**aritime **H**eads for **A**ctive **S**ecurity **A**nd **G**rowth for **A**ll in the **R**egion) संबंधित क्षेत्र में सभी के लिये सक्रिय सुरक्षा और विकास हेतु समुद्री प्रमुखों के बीच उच्च स्तरीय आभासी बातचीत हेतु भारतीय नौसेना की प्रमुख पहल है। वर्ष 2023 में शुरू की गई यह पहल वर्ष में दो बार आयोजित की जाती है।
- **इसका विषय- "हिंद महासागर क्षेत्र (IOR) में आम समुद्री सुरक्षा चुनौतियों को कम करने के लिये प्रशिक्षण सहयोग" था।**
- MAHASAGAR के तीसरे संस्करण में **हिंद महासागर** के तटीय देश अर्थात् **बांग्लादेश, कोमोरोस, केन्या, मेडागास्कर, मालदीव, मॉरीशस, मोज़ाम्बिक, सेशेल्स, श्रीलंका और तंज़ानिया** देश शामिल थे।

और पढ़ें: सागर विज़न

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/3rd-edition-of-mahasagar